## घर के बाहर खेलते बच्चे को ऑटो ने कुचला

### मासूम के पेट से गुजर गया पहिया, हादसे का वीडियो आया सामने

**सिवनी, देशबन्धु।** सिवनी जिले की केजीएन कॉलोनी में गुरुवार दोपहर एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई। घर के बाहर खेल रहे 18 माह के मासूम रोहान खान को तेज रफ्तार टैक्सी ने कुचल दिया। हादसा इतना भीषण था कि बच्चे ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना का वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।

जानकारी के अनुसार, रोहान पिता आरिफ खान केजीएन कॉलोनी, हड्डी गोदाम क्षेत्र का निवासी था। गुरुवार दोपहर वह घर के बाहर गली में खेल रहा था। इसी दौरान एक ऑटो गली में अचानक मुड़ते हुए तेज रफ्तार से आया और रोहान को सीधा टक्कर मारते हुए रौंद गया।

हादसे के तुरंत बाद आरोपी चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। आसपास मौजूद लोग कुछ समझ पाते, तब तक बच्चा दम तोड़ चुका था। घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। परिजन बच्चे को लेकर तत्काल अस्पताल पहुंचे, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



**सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस, मर्ग कायम कर जांच शुरू -** घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना प्रभारी किशोर बामनकर अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शुक्रवार सुबह रोहान को कब्रिस्तान में सुपुर्द-ए-खाक किया। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर टैक्सी और चालक की तलाश की जा रही है।

**इलाके में छाया मातम -** घटना के बाद केजीएन कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में मातम छा गया। मासूम की असामयिक मौत ने हर किसी को झकझोर दिया है। मोहल्ले के लोग गमजदा हैं और परिजनों को ढांढस बंधा रहे हैं।

## स्कूल तालाब में तब्दील, छात्राएं परेशान

**गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव में नगर पालिका द्वारा संचालित इंदिरा कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल ग्राउंड में इन दिनों बरसात का पानी जमा होने से यह नदी का रूप लेता हुआ नजर आने लगा है, लिहाजा प्रशासन को स्कूल और अध्ययन रत छात्राओं का भविष्य नजर नहीं आ रहा है।**

इस भरे पानी में जहरीले कीट और जंतु भी अपने बिल में पानी भर जाने से बाहर आते है जिससे छात्राएं और अध्यापन कार्य करते शिक्षिकाएं भयभीत रहते हैं साथ ही किसी ने ट्रैक्टर की ट्राली भी स्कूल प्रांगण में खड़ी कर दी हैं जिससे यह मोटर व्हीकल ट्राली स्टैंड में परिवर्तित हो गया है अब स्कूल की छात्राएं स्कूल में आने जाने में परेशानी उठाए जा रही हैं फिर भी प्रशासन अनजान बना बैठा है ये पानी भरना प्रति वर्ष की कहानी है परंतु शासन मौनव्रत रखकर परेशानियों को आमंत्रण देता दिखाई दे रहा है असल में इस स्कूल में भर रहे पानी की कोई निकासी व्यवस्था न होने से पानी इकठ्ठा होने लगता है और परेशानियां पैदा करता है जो कि नदी का रूप लेता प्रतीत होता है। शासन शीघ्र ही ध्यान दे।



प्रशासन और शासन बेखबर

### सार-समाचार

## विठ्ठल मंदिर में आषाढ़ी एकादशी उत्सव का आयोजन कल

**सौसर, देशबन्धु।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विठत मंदीर सौसर में देवशयनी आषाढी एकादशी महोत्सव रविवार दि. 6/7/2025 को धुमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह 5 बजे पूजन अभिषेक यजमान सौ॰ द?र्शना संदीप मोहोड के शुभ हस्ते मंत्रोचारो के साथ संपल होगा। उसी प्रकार श्री संत गाडगे महाराज भजन मंडल द्वारा हरीभजन, दोपहर 2 बजे श्री गुरुकृपा संगीत विद्यालय सौसर द्वारा अभंगावती कार्यक्रम। सुबह 12 बजे से शाम तक फरारी खिचडी वितरण समाजसेवी मारोती लोनारे परिवार के व्दारा पुत्र गोलू लोणारे के स्मृती में वितरीत किया जायेगा। कार्यक्रम में सौसर क्षेत्र के विधायक विजय चौरे , पुर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, सुरेखा डागा नगर पालिका अध्यक्ष एवं समाजसेवी मारोती लोनारे एवं अन्य परिवार सहित पूजन मे उपस्थिती देंगे। श्री विट्ठल मंदिर ट्रस्ट कमेटी अध्यक्ष सोनबा झाड़े द्वारा नगर के सभी भाविको को दर्शनार्थ सुबह 6 बजे से उपस्थित होकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील की गई है।



## 252.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**सिवनी, देशबन्धु ।** भू-अभिलेख कार्यालय सिवनी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में 1 जून से 03 जुलाई 25 तक 252.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। विकासखंडवार वर्षा की प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 03 जुलाई तक विकासखंड सिवनी में 236.2 मि.मी, कुरई में 57.0 मि.मी., बरघाट में 110.4 मि.मी., केवलारी में 319.4 मि.मी., छपारा 348.9 मि.मी, लखनादौन में 276.9 मिमी, धनौरा में 240.9 मिमी एवं घंसौर में 431.0 मिमी. वर्षा, इस प्रकार कुल 2020.7 मि.मी. वर्षा रिकार्ड की गई है। ज्ञात हो विगत वर्ष 03 जुलाई 2024 तक कुल 1721.5 मि.मी. वर्षा

## पुजारी मनोहर लाल वैष्णव का निधन

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** नगर में जबलपुर रोड वकतला के समीप प्राचीन संकट मोचन हनुमान मंदिर के पुजारी मनोहर लाल वैष्णव का विगत दिवस निधन हो गया। स्व.मनोहर लाल वैष्णव सहज सरल मिलनसारिता के प्रकाश पुंज थे।आपके अचानक निधन की खबर से नगर स्तब्ध है।70 वर्षीय मनोहर पंडित जी की अंतिम यात्रा निज निवास से स्थानीय मुक्तिधाम ले जाई गई जहां पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम यात्रा में सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर दिवंगत आत्मा को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## नगर परिषद लोधीखेड़ा में हो रहे निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार

**सौसर, लोधीखेड़ा, देशबन्धु ।** लोधीखेड़ा नगर में नियमों को ताक पर रख कर भ्रष्टाचार की बाढ़ शी आई हुई है प्रशासन नियमों को धता बताते हुए जमकर नगर परिषद लोधीखेड़ा में ठेकेदार एजेंसियां भ्रष्टाचार एवं अनियमितताएं पर उतारू है लोधीखेड़ा नगर में शासन की राशियो का जमकर दुरुपयोग किया जा रहा है निर्माण कार्य को लेकर प्रशासनिक अधिकारी आंखें मूंदे बैठे हैं अधिकारियों के समक्ष मामले को संज्ञान में दिया जाता है तो उच्च ओहदे पर बैठे अधिकारी सब ठीक होने की बात करते हैं जब नगर परिषद के अधिकारी एवम् कर्मचारी, ठेकेदार, द्वारा बरती जा रही अनियमिता को सही ठहराने मैं लगे रहते हैं लोधीखेड़ा नगर में करोड़ों रुपए की लागत से बनने वाली सडके का हाल बेहाल नजर आता है पहली बरसाती सीजन के पूर्व ही लोधीखेड़ा नगर की निर्माणधिन सड़के उखड़ने लगी है लाखों रुपए की लागत से बनने वाली सड़कों का हाल बद से बदतर देखा जा सकता कायाकल्प योजना के अंतर्गत बनने वाली सड़कों में डीपीआर प्रपोजल नगर परिषद के मापदंड अनुरूप ही दिखाई पड़ते है लोहे की सरिया तो दूर की कौड़ी यहां सीमेंट की मात्रा भी ना के बराबर है जनप्रतिनिधि यो के सम्मुख एवं नगर परिषद के कर्मचारियों के सम्मुख बनने वाली सड़को का हाल बेहाल है निर्माण धिन एजेंसियों के द्वारा की गई निर्माण सड़कों के मानदंडों पर प्रश्नचिन्ह लगा हुआ है है गुरुवार को नगर लोधीखेड़ा कांग्रेस कमेटी ने मामले को संज्ञान में लेकर सौसर एसडीएम को ज्ञापन देकर लिखित मांगो से अवगत कराते हुए कहा कि दोषियों के ऊपर एवं निर्माण धिन एजेंसियों के ऊपर दंडात्मक उचित कार्रवाई की जाए ताकि आने वाले दिनों में किसी प्रकार का भ्रष्टाचार ना हो



**नियमों की अनदेखी के खिलाफ कांग्रेस पहुंची अनुविभागीय अधिकारी के पास -** नगर लोधीखेड़ा के कांग्रेस कार्यकर्ता एवं नगर परिषद लोधीखेड़ा के पार्षद , नगर परिषद उपाध्यक्ष एवं पूर्व जिला पंचायत सभापति ने नगर के सड़कों के निर्माण में हो रहे भ्रष्टाचार, नियमों की अनदेखी और अनियमिताओं के खिलाफ आवाज उठाते हुए अनुविभागीय अधिकारी सौसर पहुंच कर तथा मामला को संज्ञान दिलाते हुए स्ठरू महोदय से कहा गया कि लोधीखेड़ा की नव निर्मित सड़क जो कि कुछ ही महीनों पहले बनी हुई है जिसमें अब सड़कों पर गिट्टी दिखाई देने लगी सड़क उखाड़ने जैसी समस्या होने लगी है। अत: महोदय से निवेदन है कि सड़कों के निर्माण में हो रही अनियमिताओं, निर्माण के नियमों के उल्लंघन और भ्रष्टाचार को संज्ञान में लेते हुए उचित जांच करने का आग्रह किया गया।

ज्ञापन देते समय विलाश जोगी (ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष सौसर), नरेंद्र राय (उपाध्यक्ष नगर परिषद लोधीखेड़ा), श्रीकांत तिड़के (नगर कांग्रेस कमेटी लोधीखेड़ा), माणिक कोल्हटकर (कार्य अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी लोधीखेड़ा), विनायक बल्की, शंकर धकाते, खेमचंद गोखे, जुबैर अली, सुधीर सोनकुसरे, अशोक जीवड़े,ज्ञानेश्वर बारापात्रे, दीपक धनोरकर,सागर साखरे, तुषार चौहान एवं अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**इनका कहना है -**

आज लोधीखेड़ा में विभिन्न एजेंशीयों द्वारा लोधीखेड़ा नगर में सड़कों का निर्माण किया गया है जो कि नियमों को ताक पर रख कर किया गया है जिसमें साफ तौर पर देखा जा सकता है कि भ्रष्टाचार कितना हावी हुआ है मामले को एसडीएम सौसर को संज्ञान में देकर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई एवं आने वाले दिनों में भी नगर परिषद सीएमओ को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया जाएगा (

**श्रीकांत तिड़के** नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष लोधीखेड़ा

## कॉलेज में हुआ पौधरोपण




**गोटेगांव, देशबन्धु ।** विगत दिवस मध्यप्रदेश शासन के दिशा निर्देशानुसार शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी सुरेश मिश्रा के मार्गदर्शन में एक पेड़ मां के नामअभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।इस अभियान में पीपल,बरगद,एवं अशोक के पौधों का रोपण किया गया।साथ ही रासेयो के स्वयं सेवकों ने पौधों की देखभाल करने और अधिक से अधिक पौधा रोपण की शपथ ली।उक्त कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर रुक्मिणी अहिरवार एवं महाविद्यालय के समस्त अधिकारी सहित लगभग 40 से अधिक स्वयं सेवकों ने अपनी सहभागिता प्रदान की।

## सेवानिवृत होने पर वनकर्मी को दी विदाई

**सौंसर, देशबन्धु।** वन विभाग में कार्यरत स्थाई कर्मचारी नंदकिशोर भोयर के सेवानिवृत्ति पर वन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने भावभीनी बिदाई दी।

बिदाई समारोह के कार्यक्रम में अनुविभागीय वन अधिकारी प्रमोद चोपड़े,सौंसर वन परिक्षेत्र अधिकारी शिव शंकर चतुर्वेदी की उपस्थिति में वन अधिकारी एवं कर्मचारीयो ने नंद किशोर भोयर का शाल और श्रीफल से सत्कार कर उपहार देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में प्रमोद चोपडे, शिवशंकर चतुर्वेदी ने नंदू के कार्यों की सराहना करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना किया। कार्यक्रम में वन विभाग के कर्मचारियों ने भी नंदू के कार्यों की सराहना किया तथा पुष्पहार से सत्कार किया।



## शांति समिति की बैठक आयोजित

**चौरई देशबन्धु।** शुक्रवार को तहसील सभागृह चौरई पर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रभात मिश्रा के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भारती जाट, तहसीलदार प्रीति पटेल, थाना प्रभारी गणपत उईके की उपस्थिति में आगामी त्यौहार मुहर्रम को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से मुहर्रम में निकलने वाली रैली एवं नगर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के विषय में चर्चा की गई।

साथ ही ग्रामीण अंचलों में होने वाले कार्यक्रमों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने को कहा गया एवं विवादित गाने बजाने पर प्रतिबंध लगाया गया। बैठक में नगर पालिका अधिकारी अभय राज सिंह, नगर पालिका उपाध्यक्ष सिरपत नायक, पार्षद सुरेंद्र सोनी, नीलू निर्मलकर, अमित चौरसिया, शहीद मंसूरी, अर्जुन रघुवंशी,प्रदीप सनोडीया, पीर अली अंसारी एवं सीनियर प्रेस क्लब के संरक्षक अवनीत गंगवाल सहित समस्त पत्रकार बंधु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## दैनिक राशिफल

**शनिवार 05 जुलाई 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। अषाढ़ शुक्ल पक्ष की दसवीं नक्षत्र-स्वाती।**

मेष - आज आपको सामाजिक और सार्वजनिक क्षेत्र में प्रसिद्धि मिलेगी। परिवार एवं दांपत्यजीवन में सुख- संतोष का अनुभव होगा।

वृषभ - आज आपको वाणी और व्यवहार पर संयम रखने की जरूरत है। किसी की मजाक-मसखरी से परहेज करें। गलतफहमी हो सकती है। मौज-शौक तथा मनोरंजन के पीछे खर्च होगा।

मिथुन - आज आपको संतान और जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। विवाद या चर्चा में न पड़ें। मित्रों के कारण खर्च हो सकता है। नुकसान की भी आशंका बनी रहेगी। **क-369-126**

कर्क - आज कोई अनजाना भय आपको लगा रहेगा। छाती में पीड़ा या तकलीफ हो सकती है। परिवार में लोगों के बीच अशांति और मतभेद हो सकता है।

सिंह - आज तन-मन से स्वस्थ और खुश रहेंगे। पड़ोसी और भाई-बंधुओं के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। निर्धारित काम समय पर पूरे होंगे। छोटी यात्रा होगी।

कन्या - किसी बात को लेकर मन उलझन में रहेगा। नकारात्मक विचारों से मानसिक अस्वस्थता रहेगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव होगा।

तुला - अभी आप आर्थिक आयोजन बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। आज आपकी कलात्मक और सृजनात्मक शक्ति श्रेष्ठ रहेगी। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे।

वृश्चिक - आज आमोद-प्रमोद तथा मनोरंजन के पीछे पैसे खर्च होंगे। मानसिक चिंता और शारीरिक तकलीफ से परेशानी होगी। असंयमित वाणी या व्यवहार झगड़े का कारण बन सकता है।

धनु - प्रेम का सुखद अनुभव प्राप्त करने का सौभाग्य प्राप्त होगा। आर्थिक, सामाजिक और कुटुंबजनों के साथ बातचीत के लिए आज का दिन लाभदायी है।

मकर - व्यवसाय के क्षेत्र में धन, मान एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी में भी आपका परिश्रम रंग लाएगा। घर, परिवार और संतान के मामले में आनंद और संतोष की भावना का अनुभव होगा। व्यावसायिक कार्य के संबंध में दौड़धूप बढ़ेगी।

कुंभ - आज आप अपने आपको अस्वस्थ महसूस करेंगे, परंतु मानसिक रूप से स्वस्थ रहेंगे। काम करने में उत्साह का अभाव रहेगा। ऑफिस में उच्च अधिकारियों से बचकर रहें।

मीन - आज का दिन ईश्वरभक्ति और आध्यात्मिकता में गुजरेगा। आज के दिन आपको थोड़ी बहुत प्रतिकूलताओं का सामना करना पड़ेगा। स्वास्थ्य के विषय में विशेष ध्यान रखना पडेगा। **म-599-458**

5,6,2,7-58,64,29,78,36,88,02,13

## प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन कार्यक्रम में लैपटॉप खरीदने को दिए 25 हजार रुपए

**छपारा, देशबन्धु।** संदीपनी विद्यालय छपारा में आज शुक्रवार को जिला प्रशासन जिला सिवनी द्वारा प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें लेपटॉप खरीदने के लिए वन क्लिक के माध्यम से विद्यार्थी के खाते में 25 हजार रुपये अन्तंरण किए गए।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में भाजपा विधायक दिनेश राय मुनमुन ने अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि करणसिंह वर्मा म. प्र. शासन राजस्व विभाग एवं प्रभारी मंत्री, रजनीश ठाकुर विधायक केवलारी, कमल मर्सकोले विधायक बरघाट, मीना बिसेन जिलाध्यक्ष भाजपा मालती डहेरिया अध्यक्ष जिला पंचायत, निशा पटेल, संस्कृति जैन कलेक्टर, सुनील मेहता पुलिस अधीक्षक एवं रवि सिहाग एसडीएम के साथ प्रतिभाशाली विद्यार्थीयों को प्रमाण पत्रों एवं प्रतीकात्मक चेको का वितरण किया।

कार्यक्रम के दौरान विधायक दिनेश राय मुनमुन सहित सभी अतिथियों का अधिकारियों द्वारा अतिथि सत्कार किया।

उक्त प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डा. मोहन यादव मुख्यमंत्री म.प्र. शासन के संदेश को लाईव प्रसारण के माध्यम से जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थितों द्वारा देखा व सुना गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, अभिभावकों, छात्र-छात्राओं एवं अधिकारियों, कर्मचारियों की गरिमामय उपस्थिति रही।



## 72 ग्राम पंचायतों के लिए एक ही आधार केंद्र, लोग परेशान

**पिंडरई, देशबन्धु।** जिला मंडला, जो कि एक आदिवासी बहुल जिला है, वहां आधार जैसी मूलभूत सुविधा से आज भी हजारों लोग वंचित हैं। जनपद पंचायत नैनपुर, जिसकी सीमा में 72 ग्राम पंचायतें आती हैं, वहां शासन-प्रशासन की अनदेखी के कारण मात्र एक ही आधार केंद्र संचालित हो रहा है।

हालात यह हैं कि ग्राम पंचायत पिंडरई, जो कि न केवल अपनी जनसंख्या बल्कि आसपास के 40 ग्रामों का केंद्र बिंदु है, वहां कोई भी आधार केंद्र उपलब्ध नहीं है। ऐसे में आम नागरिकों को 20 से 30 किलोमीटर दूर जाकर आधार से संबंधित छोटे-छोटे कार्यों के लिए भटकना पड़ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि वर्तमान में पोस्ट ऑफिस पिंडरई में कभी-कभी आधार संबंधी काम किए जाते हैं, परंतु वह भी पूरी तरह से विश्वसनीय या नियमित नहीं है। कभी सिस्टम बंद, तो कभी लंबी लाइनें - ऐसे में ग्रामीणों को आर्थिक, मानसिक और शारीरिक रूप से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामवासी यह सवाल उठा रहे हैं कि जब आधार कार्ड आज हर शासकीय योजना, बैंकिंग सेवा, राशन, पेंशन, शैक्षणिक कार्यों एवं शासन की मूलभूत योजनाओं में अनिवार्य हो चुका है, तो आखिर क्यों प्रशासन ने इतने बड़े क्षेत्र को इस सुविधा से वंचित रखा है?

**इनका कहना है -**

ग्राम पिंडरई एक प्रमुख केंद्र बिंदु है, जहां आसपास की 40 पंचायतों से लोग दैनिक जरूरतों हेतु आते हैं। यदि यहां एक स्थायी आधार सेवा केंद्र खोल दिया जाए, तो हजारों लोगों को राहत मिलेगी।

**संदीप मरकाम**, सरपंच पिंडरई